# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
(0591) 3511043 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in


पत्रांक 1193 / दै० समा० पत्र / 22 दिनांक 20/05/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय – **ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 19.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''मुरादाबाद में 'हर घर जल योजना' फेल, हाथीपुर चित्तू में न पानी, न टंकी, टूटी सड़कों से लोग परेशान'' के सम्बन्ध मे**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 19.05.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''मुरादाबाद में 'हर घर जल योजना' फेल, हाथीपुर चित्तू में न पानी, न टंकी, टूटी सड़कों से लोग परेशान'' की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुरादाबाद के हाथीपुर चित्तू गांव में 'हर घर जल योजना' अधूरी पड़ी है. महीनों पहले पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत नहीं हुई और अब ग्रामीण बदहाल रास्तों व पानी संकट से जूझ रहे हैं. ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है.<br>कुंदरकी ब्लॉक की हाथीपुर चित्तू ग्राम पंचायत में 'हर घर जल योजना' के तहत महीनों पहले हुई खोदाई के बावजूद न तो पेयजल आपूर्ति शुरू हुई और न ही पानी की टंकी का निर्माण पूरा हो सका. पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की ठीक से मरम्मत न होने से ग्रामीणों में आक्रोश है.<br>जिले के विकासखंड कुंदरकी की ग्राम पंचायत हाथीपुर चित्तू में केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर–घर जल योजना' पूरी तरह फ्लॉप साबित हो रही है. विकास के बड़े–बड़े दावों के विपरीत इस गांव में आज भी घर–घर शुद्ध पेयजल पहुँचाने का सपना अधूरा पड़ा है. भीषण गर्मी के इस मौसम में जहाँ ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है, वहीं योजना के नाम पर गाँव की सड़कों को भी मलबे में तब्दील कर दिया गया है. पाइपलाइन दबाने के बाद सड़कों की सही से मरम्मत न होने के कारण ग्रामीणों में प्रशासन और कार्यदायी संस्था के खिलाफ भारी आक्रोश है.<br>**बरसों बाद भी अधर में लटकी योजना, पानी के टैंक तक का अता–पता नहीं**<br>ग्राम पंचायत हाथीपुर चित्तू के ग्रामीणों का कहना है कि गाँव में हर घर तक पानी पहुँचाने के नाम पर महीनों पहले खोदाई तो कर दी गई, लेकिन जल आपूर्ति शुरू करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. गाँव में पानी की टंकी (वाटर टैंक) का निर्माण तक नहीं कराया गया है. ऐसे में 'हर घर जल' का दावा सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है. झुलसा देने वाली गर्मी में ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को मोहताज हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है.<br>**मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूरी, हादसे का सबब बनीं सड़कें**<br>जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए गाँव के मुख्य रास्तों और अंदरूनी सड़कों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया था. कार्यदायी संस्था ने नियमों को ताक पर रखकर सड़कों की मरम्मत के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की. नाममात्र के पैचवर्क के कारण आज गाँव की अधिकांश सड़कें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं. जगह–जगह गहरे गड्ढे और बिखरी गिट्टी के कारण आए दिन राहगीर और दुपहिया | जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना है, योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त घरों को ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से क्रियाशील गृह संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) द्वारा क्लोरीनयुक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, इस कार्य हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के द्वारा जल जीवन मिशन (फेस–2 एवं 3) के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल आधारित पाइप पेयजल योजनाओ के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 एल0सी0 इन्फ्रा को अनुबन्ध सं0 68/ई0डी0/20 20–21 के अन्तर्गत एवं मै0 एन0के0जी0 प्राइमस (जे0वी0), नई दिल्ली को अनुबन्ध सं0 11/ई0डी0/फेस–3/2021–22 के अन्तर्गत सूचीबद्ध किया गया है। जल जीवन मिशन फेस–2 एवं फेस–3 के अन्तर्गत स्वीकृत 603 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 589 नग नलकूप बोरिंग कार्य पूर्ण, 4154 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण, 398 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण, 170 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण, 227/53 नग सोलर सिस्टम अधिष्ठापन/विद्युत संयोजन के कार्य पूर्ण एवं 341915 नग पेयजल गृह सयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी सड़को के सापेक्ष 80 प्रतिशत सड़को को पूर्व की भांति पुनर्स्थापित एवं शेष सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है।<br>वर्तमान में 251 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय/.डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से निरन्तर शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जा रही है। शेष ग्रामों में पेयजल योजनाओं के कार्य धनाभाव के कारण अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्मो द्वारा योजनाओं के समस्त कार्यो को त्वरित गति से पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।<br>उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि जेजेएम फेस–3 के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइसम द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति नगण्य है, जिस हेतु |

<table>
<tr>
<td></td>
<td>वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं. बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों का इन रास्तों से निकलना दूभर हो गया है.<br>ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, आंदोलन की चेतावनी<br>गाँव की इस दुर्दशा को लेकर पूर्व ग्राम प्रधान पति अनीस अहमद, प्रमुख समाजसेवी मोहम्मद आजाद और इकरार चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने तीखी नाराजगी जताई है. ग्रामीणों का कहना है कि योजना के नाम पर गाँव का विकास होने के बजाय उसे कई साल पीछे धकेल दिया गया है.बरसों बीत जाने के बाद भी शुद्ध पेयजल की सप्लाई शुरू नहीं की जा सकी.घटिया मरम्मत कार्य के कारण गाँव की सड़कें आज अपनी बदहाली पर आँसू बहा रही हैं.<br>ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि जल्द ही क्षतिग्रस्त सड़कों का नए सिरे से निर्माण नहीं कराया गया और पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के लिए पानी की टंकी का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे विकासखंड से लेकर जिला मुख्यालय के आला अधिकारियों का घेराव करने को मजबूर होंगे।</td>
<td>इस खण्ड के पत्रांक 1565/एन0के0जी0/93 दिनांक 04.10.2024 तथा जिलाधिकारी महोदय के पत्रांक 1845/एन0के0जी0/89 दिनांक 22.08.2025 एवं पत्रांक 1846 /एन0के0जी0/90 दिनांक 22.08.2025 द्वारा फर्म को चेतावनी/नोटिस दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय मुरादाबाद द्वारा अपने पत्रांक 1714 /एन0के0जी0/93 दिनांक 24.10.2024, पत्रांक 2009/ एन0के0जी0/198 दिनांक 16.12.2024 एवं पत्रांक 2949/ जेजेएम/163 दिनांक 24.12.2025 द्वारा फर्म के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छंता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ से अनुरोध किया गया है।<br>प्रकाशित खबर में उल्लेखित ग्राम हाथीपुर चित्तू की यथास्थिति निम्नानुसार है।<br>ग्राम हाथीपुर चित्तू जल जीवन मिशन फेस–3 के अन्तर्गत चयनित है तथा योजना के कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा आंवटित फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राइमस द्वारा कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत नलकूप एवं वितरण प्रणाली बिछाने सम्बन्धित कार्य पूर्ण है। पम्प हाउस के कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण, बाउण्ड्री वॉल के कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण एवं उच्च जलाशय के कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्मेंटल की गयी 75 सड़को को पुर्नस्थापित तथा शेष सड़को को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में धनाभाव के कारण योजना के शेष कार्य बाधित है, यू0पी0 सरकार और केंद्र सरकार के बीच एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए गए हैं। धनावंटन उपरान्त फर्म द्वारा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे।</td>
</tr>
</table>

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
7. प्रोजेक्ट हेड/निदेशक, एल0सी0 इन्फ्रा0 प्रोजेक्ट प्रा0लि0, मकान नं0–10/66 सेक्टर–10 फेस–2 एम0जी0आर0 रेस्टोरेंट के पास आवास विकास, बुद्धी विहार मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मेनेजर, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मकान नं0 7बी/63 बुद्धि विहार फेस–2 सेंट मैरी स्कूल के पास, दिल्ली रोड, मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता